In the NEWS

Reliance Life Insurance

Publication: **Dainik Jagran** l Region: **Kolkata** l Date: **10/07/2015** l Page No.: **11**

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस का नया चाइल्ड प्लान

कोलकाता : रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की सब्सिडरी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने नया चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान 'रिलायंस एजुकेशन प्लान' पेश किया है। रिलायंस एजुकेशन प्लान एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टीसिपेटिंग चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान है जो बच्चे की शिक्षा के लिए आवश्यक धनराशि का भुगतान करके उनके भविष्य को सुरक्षित करता है। इस प्लान के द्वारा अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए बचत कर सकते हें और उनके भविष्य के लिए एक आय को सुनिश्चित कर सकते हैं। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस में चीफ एजेन्सी ऑफिसर मनोरंजन साहू ने बताया कि रिलायंस एजुकेशन प्लान चार मैच्योरिटी पेआउट विकल्प उपलब्ध कराता है जिसे बच्चे की शैक्षणिक जरूरतों के आधार पर चुना सकता है। यह प्लान 9 से 20 साल के बीच के पॉलिसी टर्म के लिए उपलब्ध है जिसमें भुगतान के विकल्प 5 साल, 7 साल, 10 साल के लिए अथवा पूरे टर्म के लिए हो सकते हैं। इस प्लान में प्रवेश करने की उम्र जन्म से 18 साल तक हो सकती है और 20-55 आयु वर्ग के अभिभावक अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चे के लिए यह प्लान ले सकते हैं। रिलायंस एजुकेशन प्लान मृत्यु लाभ भुगतान (डैथ बेनेफिट पेआउट) भी उपलब्ध कराता है जिसमें मृत्यु पर एकमुश्त राशि अथवा 50 फीसदी एक मुश्त राशि के बाद 10 साल तक सालाना आय के विकल्प उपलब्ध हैं।